**Fourteenth Loksabha**

**Session : 4**
**Date : 11-05-2005**

**Participants : Pal Shri Raja Ram**

>

Title: Regarding need to ensure proper functioning of sub-telephone exchanges in rural areas of Bilhour Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

**श्री राजाराम पाल (बिल्हौर)** : महोदय, मैं अपने संसदीय क्षेत्र बिल्हौर कानपुर, उत्तर प्रदेश की ओर केन्द्रीय सरकार व खासकर माननीय संचार मंत्री, भारत सरकार का ध्यान आकृट करते हुए यह कहना चाहता हूं कि बिल्हौर, सरसौल, कल्याणपुर, चौबेपुर, सरवनखेड़ा के अंतर्गत सभी ग्रामीण सब दूरभाा केन्द्र बराबर बाधित रहता है, जिसके कारण स्थानीय जनता को अपने दूरभाा सेवा का लाभ नहीं मिलता है।

अतः मैं भारत सरकार व संचार मंत्री से मांग करता हूं कि बिल्हौर, सरसौल, कल्याणपुर, चौबेपुर और सरवनखेड़ा के अधीन सभी ग्रामीण सब दूरभाा केन्द्र सुचारू रूप से कार्य करें, इसके लिए आवश्यक कार्यवाही की जाये।